# CGBSE

## आदर्श प्रश्नपत्र 2025–26
## कक्षा–12वीं
## विषय – हिन्दी (010)

पूर्णांक – 80 | समय – 3 घण्टे

**निर्देश –**

01. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
02. प्रश्न–पत्र के सभी प्रश्नों को तीन खण्डों – 'क' 'ख' और 'ग' में विभक्त किया गया है।
03. खण्ड–'क' में 2 प्रश्न हैं, जिसमें 12 अंक निर्धारित है।
04. खण्ड– 'ख' में 5 प्रश्न है, जिसके 4 प्रश्नों में विकल्प दिए गए है। इस खण्ड में कुल 20 अंक निर्धारित है।
05. खण्ड–'ग' के 'आरोह' भाग में 36 अंक निर्धारित है।
06. खण्ड–'ग' के 'वितान' भाग में 12 अंक निर्धारित है।

### खण्ड 'अ'

प्रश्न 01. अधोलिखित 'अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1+1+2+2+2=8)

साहित्य का जीवन के साथ गहरा संबंध है। साहित्यकार अपनी पैनी दृष्टि से देखता है और संवेदनशील मन से उसको अभिव्यक्त करता है। चारों ओर देखे गए सत्य और भोगे हुए यथार्थ को कभी कल्पना के रंग में रंगकर तो कभी ज्यों–का–त्यों पाठक के सामने प्रस्तुत कर देता है। साहित्य में सौंदर्य को देखने और परखने की अद्भुत शक्ति होती है। मनोरम दृश्यों के सौंदर्य और मुग्ध कर देने वाले स्वरों की मधुरता से वह अकेले भी आनंदमग्न नहीं होना चाहता। वह दूसरों को भी आनंदमग्न करने के लिए सदा आतुर रहता है। साहित्यकार जब समाज को अपने मन की बात सुनाता है, तो साहित्यकार और समाज का संबंध स्पष्ट दिखाई पड़ता है।

समाज की रूढ़ियों और विद्रुपताओं को उजागर कर वह जनमानस को जागृत करता है। उन्हें बताता है कि जो कुछ पुराना है, वह सोना ही हो, यह आवश्यक नहीं। हमें जकड़ने वाली, पीछे धकेलने वाली रूढ़ियों से छुटकारा पाना होगा। इस प्रकार साहित्यकार समाज का पथ–प्रदर्शक भी है और पथ निर्माता भी। वह समाज को परिवर्तन और क्रांति के लिए भी तैयार करता है। यह सत्य है कि अनेक साहित्यिक रचनाएँ, क्रांति की आधार शिला रखने में समर्थ हुई हैं इसलिए साहित्य को केवल मनोरंजन की वस्तु मानना अपनी ऑखों पर पट्टी बाँधकर सूर्य को नकारना है।

प्रश्न (i) साहित्यकार की दृष्टि और मन के लिए प्रयुक्त विशेषणों का आशय स्पष्ट कीजिए।
प्रश्न (ii) साहित्यकार और समाज का संबंध कब दिखाई पड़ता है ?
प्रश्न (iii) साहित्यकार को समाज का पथ–निर्माता और पथ–प्रदर्शक क्यों कहा गया है ?
प्रश्न (iv) साहित्यकार सत्य को पाठक के समक्ष कैसे रखता है ?
प्रश्न (v) आशय स्पष्ट कीजिए **'अपनी ऑख पर पट्टी बांधकर'** सूर्य को नकारना।

Visit CollegeDekho

प्रश्न 02. अधोलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(1+1+1+1=4)

खुलकर चलते डर लगता है
बातें करते डर लगता है।
क्योंकि शहर बेहद छोटा है।
ऊँचे हैं, लेकिन खजूर से
मुँह है इसलिए कहते हैं।
जहाँ बुराई फले–पनपे–
वहाँ तटस्थ बने रहते हैं,
नियम और सिद्धांत बहुत
दंगो से परिभाषित होते हैं–
जो कहने की बात नहीं है,
उनकी महिमा गाई जाती
यहाँ ज्ञान पर, प्रतिभा पर
अवसर का अंकुश बहुत कड़ा है–
सब अपने धंधे में रत हैं–
यहाँ न्याय की बात गलत है।
क्योंकि शहर बेहद छोटा है।
बुद्धि यहाँ पानी भरती है,
सीधापन भूखों मरता है–
उसकी बड़ी प्रतिष्ठा है,
जो सारे काम गलत करता है।
यहाँ मान के नाम तौल की,
इकाई कंचन है, धन है–
कोई सच के नहीं साथ है
यहाँ भलाई बुरी बात है।
क्योंकि शहर बहुत छोटा है।

प्रश्न (i) कवि शहर को छोटा कहकर किस **'छोटेपन'** को अभिव्यक्त करता चाहता है ?

प्रश्न (ii) इस शहर के लोगों की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं ?

प्रश्न (iii) इस शहर में असामाजिक तत्व और धनिक क्या–क्या प्राप्त करते हैं ?

प्रश्न (iv) आशय समझाइए –

बुद्धि यहाँ पानी भरती है,
सीधापन भूखों मरता है–


Visit CollegeDekho

## खण्ड 'ब'

प्रश्न 03. कविता की रचना में शब्द–चयन का क्या महत्व है। (3)

अथवा

नाटक में संवाद–योजना का क्या महत्व है ?

प्रश्न 04. **'कूड़े के ढेर हैं दुनिया की अगली चुनौती'** विषय पर एक आलेख लिखिए। (3)

अथवा

**'परीक्षा की तैयारी कैसे करें'** विषय पर फीचर लिखिए।

प्रश्न 05. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए।

(i) एडवोकेसी पत्रकारिता किसे कहते हैं ? (1)

(ii) विशेष लेखन किसे कहते हैं ? (1)

(iii) अंशकालिक पत्रकार किसे कहते हैं ? (1)

(iv) जनसंचार के दो कार्य लिखिए। $[\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1]$

प्रश्न 06. प्रतियोगी परीक्षा हेतु पुस्तकें मंगवाने के लिए कमल प्रकाशन नई दिल्ली के प्रकाशक महोदय को एक पत्र लिखिए। (1+3+1=5)

अथवा

खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट की समस्या को दूर करने के लिए अपने जिले के खाद्य निरीक्षक को एक आवेदन पत्र लिखिए।

प्रश्न 07. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए। (1+3+1=5)

(i) प्राकृतिक आपदाएँ और हमारी वैज्ञानिक प्रगति।

(ii) 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में हमारी भूमिका।

(iii) साइबर अपराध का आतंक।

(iv) हमारे जीवन में साहित्य का प्रभाव।

(v) परिश्रम सफलता की कुंजी।


Visit CollegeDekho

## खण्ड 'ग'

प्रश्न 08. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (2+2=4)

जाने क्या रिश्ता है, जाने क्या नाता है
जितना भी उड़ेलता हूं, भर–भर फिर आता है
दिल में क्या झरना है ?
मीठे पानी का सोता है
भीतर वह, ऊपर तुम
मुस्काता चाँद धरती पर रात–भर
मुझ पर त्यों तुम्हारा ही खिलता वह चेहरा है।

**प्रश्न –**

(i) प्रस्तुत कविता में झरना तथा मीठे पानी का स्त्रोत किस अर्थ के लिए प्रयोग किया है?

(ii) कविता के आधार पर कवि की मनः स्थिति का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 09. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए । (2+2=4)

सारी मुश्किल को धैर्य से समझे बिना
मैं पेंच को खोलने के बजाए
उसे बेहतर कसता चला जा रहा था
क्योंकि इस करतब पर मुझे
साफ सुनाई दे रही थी
तमाशबीनों की शाबाशी और वाह–वाह।
आखिरकार वही हुआ जिसका मुझे डर था
जोर जबरदस्ती से
बात की चूड़ी मर गई
और वह भाषा में बेकार घूमने लगी!

प्रश्न I :– काव्यांश में प्रयुक्त अलंकारों पर टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न II :– प्रस्तुत काव्यांश की भाषा के सौंदर्य पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 10. (i) **'शीतल वाणी में आग'** के होने का क्या अभिप्राय है ? (2)

(ii) कपास से बच्चों की समानता क्यों की गई है ? (2)

(iii) **'छोटा मेरा खेत' कविता में प्रयुक्त रूपक को स्पष्ट कीजिए ।** (2)

प्रश्न 11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (2+2=4)

हम आज देश के लिए करते क्या हैं ? माँगे हर क्षेत्र में बड़ी–बड़ी हैं पर त्याग का कहीं नाम–निशान नहीं है। अपना स्वार्थ आज एकमात्र लक्ष्य रह गया है। हम चटखारे लेकर इसके या उसके


Visit CollegeDekho

भ्रष्टाचार की बातें करते हैं पर क्या कभी हमने जाँचा है कि अपने स्तर पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्टाचार के अंग तो नहीं बन रहे है ? काले मेघा दल के दल उमड़ते हैं, पानी झमाझम बरसता है, पर गगरी फूटी की फूटी रह जाती है, बैल पियासे के पियासे हर जाते हैं ? आखिर कब बदलेगी यह स्थिति?

प्रश्न 1 :– लेखक के अनुसार लोगों की क्या मानसिकता है ?

प्रश्न 2 :– लेखक किस बदलाव की आशा रखते हैं ?

प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

(i) लुट्टन पहलवान को किसने लड़ने के लिए प्रेरित किया ? (1)

(ii) 'अशोक के फूल' निबंध संग्रह के लेखक का नाम लिखिए। (1)

(iii) मानव समाज में निरंतर सुधार प्रक्रिया क्यों जारी रहती है? लिखिए। (2)

(iv) द्विवेदी जी ने शिरीष के माध्यम से कोलाहल तथा संघर्ष से भरी जीवन–स्थितियों में अविचल रहकर जिजीविषु बने रहने की सीख दी है ? स्पष्ट कीजिए। (3)

(v) भगतजी बाजार को सार्थक व समाज को शांत कैसे कर रहे थे ? बाजार दर्शन पाठ के आधार पर लिखिए। (3)

प्रश्न 13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

(i) 'मुसकाता चाँद ज्यों धरती पर रात–भर' पंक्ति में निहित अलंकार को स्पष्ट कीजिए। (1)

(ii) **'भातृता'** शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है ? (1)

(iii) **'शंख से लीपा हुआ चौका'** पंक्ति में कौन–सा बिम्ब चित्र उपस्थित हो रहा है ? (2)

(iv) **'निपात'** किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए। (2)

(v) **''दोहा''** छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

प्रश्न 14. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(1) मुअनजो–दड़ो की सभ्यता को 'लो–प्रोफाइल क्यों कहा गया है? (1)

(2) **'सिल्वर वैडिंग'** कहानी के आधार पर **'सम हाउ इंप्रापर'** वाक्यांश का क्या अर्थ है ? (1)

(3) **'जूझ'** कहानी के कथानायक के चरित्र की दो विशेषताएं लिखिए। (1+1=2)


Visit CollegeDekho

प्रश्न 15. (अ) **'सिल्वर वैडिंग'** कहानी के पात्र किशन दा के उन जीवन–मूल्यों के विषय में लिखिए। जो यशोधर बाबू की सोच में आजीवन बने रहे। (4)

**अथवा**

यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढल सकने में सफल होती है लेकिन यशोधर बाबू असफल रहते हैं। ऐसा क्यों ?

(ब) ''**सिन्धु सभ्यता की खूबी उसका सौंदर्य–बोध है जो राज–पोषित या धर्म पोषित न होकर समाज–पोषित था।**'' ऐसा क्यों कहा गया है ? (4)

**अथवा**

''टूटे–फूटे खण्डहर, सभ्यता और संस्कृति के इतिहास के साथ–साथ धड़कती जिंदगियों के अनछुए समयों का भी दस्तावेज होते हैं। इस कथन का भाव स्पष्ट कीजिए।


Visit CollegeDekho